फाइल नं0-71-3099/116/2022-03

110/2024/I/786152/2024

प्रेषक,

चन्द्रशेखर मिश्र,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0 लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-3 **लखनऊ : दिनॉक 05 नवम्बर, 2024**

विषय-: वित्तीय वर्ष 2024-25 में हृदय रोग संस्थान, कानपुर के चारों ओर, आगे व पीछे की तरफ प्रवेश द्वार तक तारकोल रोड बनवाये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक, हृदय रोग संस्थान, कानपुर के पत्र संख्या-हरोस/2024-25/3301, दिनॉक 05.09.2024 एवं पत्र संख्या-हरोस/2024-25/3947, दिनॉक 04.10.2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- अवगत कराना है कि **हृदय रोग संस्थान, कानपुर के चारों ओर, आगे व पीछे की तरफ प्रवेश द्वार तक तारकोल रोड बनवाये जाने** हेतु अनुमोदित लागत रू0 94.90 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा प्रथम किश्त के रूप में रू0 47.45 लाख की धनराशि शासनादेश संख्या-16/2021/247/71-3-2021, दिनॉक 15.02.2021 द्वारा अवमुक्त की गई है। तदोपरान्त शासनादेश संख्या-89/2022/I/175520/2022-71-3099/116/2022-03, दिनॉक 08.06.2022 द्वारा रू0 47.45 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई। इस प्रकार प्रश्नगत कार्य हेतु कुल रू0 94.90 लाख की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है।

3- निदेशक, हृदय रोग संस्थान, कानपुर के पत्र दिनॉक 05.09.2024 द्वारा अवगत कराया गया है कतिपय कारणों से वित्तीय वर्ष समाप्त हो जाने के कारण परियोजना की 5 प्रतिशत की धनराशि कोषागार से आहरित किया जाना संभव नहीं हो सका था, जिसके कारण वित्तीय वर्ष 2022-23 में रू0 4.745 लाख लैप्स हो गयी थी। निदेशक, हृदय रोग संस्थान, कानपुर द्वारा रू0 4.745 लाख की धनराशि का अनाहरण संबंधी प्रपत्र उपलब्ध कराते हुए प्रश्नगत धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुरोध किया गया है।

4- अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि **हृदय रोग संस्थान, कानपुर के चारों ओर, आगे व पीछे की तरफ प्रवेश द्वार तक तारकोल रोड बनवाये जाने** हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुदान संख्या-31 के अंतर्गत पूँजीलेखा पक्ष में 44-गणेश शंकर विद्यार्थी स्मारक मेडिकल कालेज कानपुर में स्थापित कार्डियोलाजी इन्स्टीट्यूट में 24-वृहत निर्माण कार्य मद में प्राविधानित धनराशि रू0 1500.00 लाख के सापेक्ष **रू0 4.75 लाख (रू0 चार लाख पचहत्तर हजार मात्र)** की धनराशि निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन अवमुक्त किये जाने की राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

1. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231 /2024, दिनांक 04.03.2024 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
2. कार्य की गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियॉ तथा प्रायोजना को निर्धारित समय-सीमा के अंतर्गत पूर्ण कराये जाने की जिम्मेदारी महानिदेशक/निदेशक/कार्यदायी संस्था की होगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

3. महानिदेशक/निदेशक द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रश्नगत कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित नहीं है तथा इस हेतु पूर्व में किसी अन्य योजना/स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है। प्रस्तावित कार्य की दुरावृत्ति न हो रही हो।
4. स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय उन्हीं कार्यों/मदों में किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है, किन्हीं अन्य कार्यों/मदों पर धनराशि का व्यय अथवा व्ययावर्तन वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी।
5. अवमुक्त धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार एवं नियमानुसार किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि को बैंक खाते/डाकघर में नहीं रखा जायेगा। स्वीकृत धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र तथा भौतिक प्रगति का विवरण समयान्तर्गत शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।
6. शासनादेश संख्या-16/2021/247/71-3-2021, दिनॉक 15.02.2021 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

4- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 4,75,000 (रुपये चार लाख पचहत्तर हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या- 031 **लेखा शीर्षक** 42100310544 गणेश शंकर विद्यार्थी स्मारक मेडिकल कालेज, कानपुर में स्थापित कार्डियोलॉजी इंस्टीट्यूट **मानक मद** 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231 /2024, दिनांक 04.03.2024 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत् प्रतिनिधानित अधिकार के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(चन्द्रशेखर मिश्र)
उप सचिव।

संख्या/तद्दिनांक, उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-:

1. महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
3. निदेशक, हृदय रोग संस्थान, कानपुर।
4. वित्त नियंत्रक, हृदय रोग संस्थान, कानपुर।
5. वरिष्ठ कोषाधिकारी, कानपुर।
6. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0, लखनऊ।
7. नियोजन अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
8. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(चन्द्रशेखर मिश्र)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।